मेट्रो-3 कॉरिडोर पर ट्रायल रन

Good News

Pankaj.Pandey@timesgroup.com

मुंबई: लंबे इंतजार के बाद मेट्रो-3 कॉरिडोर पर ट्रायल रन मंगलवार से शुरू हो जाएगा। ट्रायल रन सरीपुत नगर से मरोल नाका के बीच 3 किमी के रूट पर होगा। इस रूट पर मेट्रो रेक को करीब 10 हजार किमी तक दौड़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हरी झंडी दिखाकर मेट्रो को रवाना करेंगे। मेट्रो की 8 डिब्बों की रेक सीप्ज, एमआईडीसी और मरोल नाका स्टेशन के बीच दौड़ेगी। एमएमआरसीएल के अनुसार, जल्द ही ट्रायल का दायरा बढ़ाया जाएगा।

सरीपुत नगर से मरोल नाका के बीच होगा ट्रायल

मेट्रे-3 का रूट

पहला फेस: 12.22 किमी

दूसरा फेस: 21.39 किमी

कुल रूट: 33.3 किमी

कब होगा शुरू

फेस 1: दिसंबर, 2023

पूरा रूट: जून, 2024